गोशाला में लगी आग, आठ मवेशी झुलसे

दमकल की टीम ने पाया काबू, प्रशासन ने की लोगों से सतर्कता बरतने की अपील

सिवनी, देशबन्धु। सिवनी जिले के घंसौर विकास खंड के बरौदामाल गांव में एक मंगलवार दोपहर छोटेलाल यादव की गोशाला में अचानक आग लग गई।सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया।दमकल की गाड़ी के पहुंचने से पहले ही गोशाला का बड़ा हिस्सा जल चुका था। स्थानीय लोगों ने मवेशियों को बाहर निकाला। हालांकि इस घटना में 8 मवेशी झुलस गए।

पटवारी ने नुकसान का किया आकलन घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे पटवारी ने नुकसान का आकलन किया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। गोशाला के पास कुछ मकान भी हैं। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह घटना और भी बड़ा रूप ले सकती थी। हादसे में 8 मवेशी झुलस गए हैं। प्रशासन ने इस घटना के बाद लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। साथ ही आगजनी जैसी घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतने को कहा है।

कुरई में पिकअप से पांच बैल बरामद, आरोपी फरार

सिवनी, देशबन्धु। सिवनी जिले के कुरई क्षेत्र में मवेशी तस्करी का मामला सामने आया है। घटना सोमवार रात की है। पुलिस ने महाराष्ट्र की एक पिकअप सहित पांच गौवंश जब्त किए हैं। पुलिस ने अंदेशा जाहिर किया है कि गौवंश को महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था।

कुरई थाना पुलिस को सोमवार रात मुखबिर से गौवंश तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने खंडासा गांव में एक संदिग्ध पिकअप को रोकने का प्रयास किया।

चालक ने वाहन रोकने के बजाय भागने की कोशिश की। पुलिस के पीछा करने पर वह खंडासा-नागपुर रोड पर वाहन छोड़कर अंधेरे में फरार हो गया। और पुलिस चालक को पकड़ने में नाकाम रही। महाराष्ट्र नंबर रू॥-40-ष्टञ्ज-3854 के टाटा इंट्रा पिकअप में 5 नाटे बैल रस्सियों से बंधे मिले।

पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। बैलों को गौशाला पहुंचा दिया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गौवंश संरक्षण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। वाहन को राजसात करने की कार्रवाई चल रही है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी के.एस. तेकाम के नेतृत्व में की गई। टीम में प्रधान आरक्षक तेजलाल परते, आरक्षक मनोज मिश्रा, बालचंद नगरधने, मुकेश भगत और सैनिक प्रकाश चंगेला शामिल थे।

सिवनी के घंसौर में युवक को लगा करंट, मौत

सिवनी, देशबन्धु। जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के कहानी गांव में बुधवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। खेत में ट्रैक्टर पर वेल्डिंग का काम करते समय एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। ग्राम परासी निवासी सुदान सिंह (30) ट्रैक्टर में डोजर मशीन लगाने के लिए वेल्डिंग कर रहा था, तभी करंट लग गया। युवकों अस्पताल लाते वक्त उसकी रास्ते में ही हो गई।

बताया जाता है कि घायल सुदान को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

सिवनी में बढ़े वायरल फीवर और उल्टी-दस्त के मरीज

जिला अस्पताल में रोजाना आ रहे सैकड़ों मरीज, सभी वार्ड फुल

सिवनी, देशबन्धु। दिन में गर्मी और रात में ठंड के कारण जिले में मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। जिला अस्पताल में रोजाना 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। सर्दी-जुकाम, वायरल फीवर और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में बड़ी वृद्धि देखी जा रही है।

400 बेड वाले जिला अस्पताल के सभी वार्ड पूरी तरह भर चुके हैं। मरीजों को पर्ची बनवाने और दवा लेने में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। ओपीडी काउंटर पर मरीज और उनके परिजन घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। निजी अस्पतालों और क्लिनिकों में भी मरीजों की भारी भीड़ है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चिंताजनक है। उपस्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर नहीं मिलने से मरीजों को परेशानी हो रही है।

जिला अस्पताल के आरएमओ डॉक्टर पी सूर्वा ने स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मौसम बदलाव के दौरान खान-पान का विशेष ध्यान रखें। रात में ठंड से बचें। दिन में लंबे समय तक धूप में न रहें। बाहर का खाना खाने से बचें।

सार-समाचार

नवमीं में रसिका और 11वीं में हिमाक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

सौसर, देशबन्धु। शासकीय कन्या उमा विद्यालय सौसर मे स्थानीय परीक्षा नवमी एंव ग्यारहवी के परिणाम घोषित हुए। प्राचार्य तथा समस्त शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति मे परीक्षा परिणाम घोषित किये गए संस्था मे उमंग प्रभारी शिक्षक सूर्यकीर्ति काले ने बताया की जीवन कौशल शिक्षा एवं इक्कीसवीं सदी मे आश्यकता के अनुसार विषयों का चयन कर छात्र अपना उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते है स्थानीय परीक्षा प्रभारी किर्तिसागर बागडे ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया की इस बार संस्था मे दो सगी बहनो ने कक्षा नवमी मे छोटी बहन कु रसिका एंव इसकी बड़ी बहन हिमाक्षी निंबुलकर ने ग्यारहवी मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया कक्षा नवमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम 76 प्रतिशत रहा जिसमे प्रथम कु. रसिका निंबुलकर,द्वितीय कु दीक्षा मर्सकोल्हे,तृतीय कु संध्या कुमरे, रूनजुन धुर्वे, कोमल कवरेती ललिता बावने रही। 20 छात्राएं प्रथम श्रेणि तथा 16 छात्राएं द्वितीय श्रेणी मे रही।विज्ञान संकाय मे जीव विज्ञान एंवम गणित संकाय का परिणाम सौ प्रतिशत रहा जिसमे प्रथम कु प्रतिमा कुमरे, द्वितीय कु.सोनाली कडू , तृतीय कु. प्राची भोगाडे रही कला संकाय का 83 प्रतिशत रहा जिसमे प्रथम हिमाक्षी निंबुलकर द्वितीय नैना बागडे,मयूरी धुर्वे कु. खुशबु गजभीये ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन शकुंतला कमाले ने किया आभार प्रदर्शन राजरत्न बागडे ने किया।इस अवसर पर राजेंद्र डोंगरे, प्रमोद नागदवने, रेखराज राउत, आशीष वैद्य, अतुल बनाईत, सरोज वालके,संगीता ढोके आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

दीपक सिंह राजपूत का रक्षा लेखा महानियंत्रक के पद पर चयन

पिंडरई, मंडला, देशबन्धु। एसएससी (सीजीएल) परीक्षा 2024 का परिणाम हाल ही में घोषित हुआ है, जिसमें ग्राम पिंडरई निवासी विजय सिंह राजपूत शिक्षक के सुपुत्र दीपक सिंह राजपूत का रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीएस) के पद पर चयन हुआ है। वे चैन कुमारी राजपूत पिता विजय सिंह राजपूत के पुत्र हैं। ज्ञात हो कि दीपक सिंह का जन्म मंडला जिले के नैनपुर तहसील के ग्राम पिंडरई में हुआ है। इन्होंने कक्षा

अरुण से चौथी तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर से की। इसके बाद वे इंदौर के शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय से मैथ्स साइंस में स्नातक एवं रसायन शास्त्र से स्नातकोत्तर किया, साथ एसएससी (सीजीएल) परीक्षा की तैयारी में लगे रहे। दीपक सिंह की सफलता पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का शाला परिवार, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा प्रजय जैन, जनपद सदस्य पूनम जितेंद्र सिंह राजपूत, सरपंच संदीप मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह राजपूत पप्पू पटेल, ग्राम पटेल बलराम सिंह राजपूत, पत्रकार सुधीर सेन, परिवारजनोड्ड, शुभचिंतकों, मित्रों एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों, ने बधाईयां दी है एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान के तहत सात मरीजों को मिली 2.15 लाख की आर्थिक सहायता

सौसर, देशबन्धु। पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा पांढुर्णा जिले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के इलाज के लिए 2 लाख 15 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना अंतर्गत राहुल डाबरे पांढुर्णा 25 हजार, पापेश्वर डुमने अंबाडी 35 हजार, साबीर खान मोहगांव 20 हजार, मधुसूदन गारवे सौसर 40 हजार, लता खुटपाले सौसर 45 हजार, गणपति मदनकर पांढुरना 25 हजार, गणेश पांढुर्णा 25 हजार का समावेश है। आर्थिक सहायता मिलने से गंभीर बीमारी से पीड़ित का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ का आभार व्यक्त किया है।

होटल-ढाबों में बिक रही है अवैध शराब

सौसर विधानसभा क्षेत्र बना अवैध शराब का गढ़

सौसर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में अवैध शराब पर नियंत्रण लगाए जाने के लिए संपूर्ण राज्य में विशेष अभियान चलाए जाने एवं प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुपालन में पाण्डुर्णा जिला पिछड़ा हुआ है, जहां छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब विक्रेताओं पर बड़ी कार्रवाई हो रही है तो वहीं सौसर विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ खानापूर्ति देखने को मिलती है

सौसर विधानसभा क्षेत्र के सौसर, रामाकोना, लोधीखेड़ा, बोरगांव में अवैध शराब विक्रेताओं के हौसले बुलंद है चौक चौराहो व होटल ढाबों पर बेखबर बेरोकटोक अवैध शराब बेची जा रही है शाम ढलते ही होटल ढाबों पर शराबियों का जमावड़ा देखने को मिलता है।

पुलिस आबकारी अधिकारी इनकी करगुजारियों को भी अनदेखा करती है जिससे अवैध शराब विक्रेताओं के हौसले बुलंद है होटल ढाबो में शराब विक्रेताओं की व्यवस्थाएं देख ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे जिम्मेदार अधिकारियों ने इन्हें परमिशन दे रखी है लोधीखेड़ा, सवरनी, मोहगांव, बोरगांव मार्ग पर तो सूर्य ढलते ही शराबियों का इस मार्ग पर मेला लगा

रहता है रहा से चलने वाले राहगीरों को शराबियों के हरकतों से भी दो-चार होना पड़ता हैआबकारी विभाग की लापरवाही के चलते छोटे-छोटे गुमटियों ठेले और अन्य होटल ढाबों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है।

वहीं सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों के विरूद्ध भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाने से नागरिकों को अच्छी खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शराब दुकान से ही सांठ गांठ कर ऊंची कीमत वसूल कर अवैध शराब बेचने का काम किया जा रहा है।

मनमाने वसूल किए जा रहे दाम-सौसर, लोधीखेड़ा, रामाकोना, बोरगांव क्षेत्र में संचालित शराब की दुकानों पर तय रेट से अधिक दाम वसूल कर लोगों को शराब बेची जा रही है। वहीं जब कुछ लोग इसका विरोध करते हैं, तो दुकानदार के द्वारा विवाद शुरू कर दिया जाता है। इस संबंध में कई बार स्थानीय आबकारी विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत की जा चुकी है। इसके बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस स्थिति को देखकर ऐसा लगता है जैसे स्थानीय अधिकारियों के संरक्षण में यह कार्य चल रहा हो।

गांव गांव घर-घर पहुंच रही है शराब-शासन की नियमों की धज्जिया उढ़ाते हुए शराब विक्रेताओं द्वारा गांव-गांव घर-घर शराब पहुंचाई जा रही है जहां ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े आसानी से देसी विदेशी शराब उपलब्ध है तो वहीं लोधीखेड़ा का गोहटान, सौसर क्षेत्र का मोहगांव मार्ग, रामाकोना क्षेत्र के ढाबे शराब विक्रेताओं का गढ़ बना हुआ है।

एकनाथ षष्ठी के पावन पर्व पर शराब दुकान 2 दिन रहे बंद ग्रामीणों की मांग-विदर्भ का प्रसिद्ध श्री संत एकनाथ महाराज षष्ठी मेला ग्राम रामाकोना मे होता है इसके अंतर्गत दिनांक 20 मार्च 2025 को कन्हान नदी मे सिदोरी काला, दिनांक 21 मार्च 2025 को विट्ठल मंदिर परिसर मे दही लाही का कार्यक्रम सम्पन्न होंगा। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक कार्यक्रम है इसमें लगभग हजारों की संख्या मे दर्शनार्थी पहुंचते है।

सौसर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने साइंस ओलिंपियाड में लहराया परचम

सौसर, देशबन्धु। अंतरराष्ट्रीय साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित साइंस ओलिंपियाड में स्कूल के कक्षा 5 वी से 8 वी तक के छात्रों ने भाग लिया जिसमे 6 छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर कुमारी प्राची भोयर, सौम्या इंगले,अंश हेड़ाऊ विफ़ूल तथा कुमारी मिनल बावने नेगोल्ड मेडल अर्जित किए तथा एक कुमारी प्राची भोयर छात्रा का चयन द्वितीय स्तरीय परीक्षाएं में चयनित हुए छात्रा। गोल्ड मेडल प्राप्त छात्रों को स्कूल के संचालक नरेश आकोटकर प्राचार्य घनश्याम सनेसर तथा विषय शिक्षिका सुश्री तनुजा पालीवाल ने मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र व प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया। छात्रों ने अपनी शाला तथा शिक्षकों का आभार प्रकट कर सफलता का श्रेय भी दिया। इस अवसर पर अन्य प्रतिभागी छात्रों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई प्रेषित की।

सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद का होली मिलन

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद नरसिंहपुर एवं गोटेगांव इकाई की बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम

संपन्न हुआ। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। गोटेगांव नगर अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खेमरिया एवं समस्त कार्यकारिणी बहुत ही उत्साह, लगन से अपना उत्तरदायित्व निभा रही है। जिला अध्यक्ष श्रीमति विवेक पांडे ने कहा आप लोग ऐसे ही एकता के सूत्र में बंधे रहे और ब्राह्मण हित में कार्य करते हुए, सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद को ऊंचाइयों की शिखर पर ले जाए।

जिला अध्यक्ष विवेक पांडे एवं उपाध्यक्ष अरुणा दुबे ने सभी पदाधिकारीयो को सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद की आईडी पहनाई। कार्यक्रम में विवेक पांडे, अरुणा दुबे, सरला पांडे, मंजूलता पांडे, नंदिता चौबे, संचित दुबे, गोटेगांव नगर अध्यक्ष प्रियंका खेमरिया, सचिव नीलिमा शर्मा, सचिव सपना दुबे संस्कृति व्यवस्थापक प्रमिला पांडे, अंजू धगट, विभा दुबे, आदि पदाधिकारियों की उपस्थिति ने बैठक और होली मिलन कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार, चौथा फरार

सिवनी, देशबन्धु। सिवनी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम मयूर दुबे, मयंक दुबे और जितेंद्र बघेल हैं। चौथा आरोपी अतुल रैकवार है।

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के अनुसार, घटना 17 मार्च को नगर के गणेश चौक के पास की है। मयूर दुबे और उसके साथियों ने सूरज जंघेला को घर के सामने रोक कर उस पर हमला किया। आरोपियों ने तलवार, चाकू और बेसबॉल के डंडे से वार किए। पुलिस ने घायल सूरज को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों से एक चाकू, एक तलवार, बेसबॉल का डंडा और घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक जब्त की है। मुख्य आरोपी मयूर दुबे का नाम थाना कोतवाली सिवनी की गुंडा-बदमाश लिस्ट में दर्ज है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास समेत 6 अपराध दर्ज हैं। मयंक दुबे पर हत्या का प्रयास और मारपीट का एक मामला दर्ज है। जितेंद्र उर्फ बड्डा बघेल के खिलाफ बलवा और मारपीट के पांच मामले हैं। फरार आरोपी अतुल रैकवार पर मारपीट समेत तीन अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

पत्रकार होली मिलन समारोह और हास्य कवि सम्मेलन

सौसर, देशबन्धु। 17 मार्च को मीडिया संगठन मध्य प्रदेश के तत्वावधान में सौसर के हेरीटेज लॉन में पत्रकार होली मिलन समारोह के साथ ही हास्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश एवं केन्द्रीय जनजाति आयोग सलाहकार श्री प्रकाशभाऊ उईके विशेष अतिथि पुर्व विधायक अजय भाऊ चौरे, हास्य कवि सफर जौनपुरी,काशीपुर कुंदन तथा महिला कवि में रूपा बिरासनी, मीडिया संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष गयाप्रसाद सोनी, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष राम ठाकरे सौसर एसडीओपी पुलिस डी.व्ही एस.नागर लोधीखेडा थाना प्रभारी सौंसर थाना मीडिया विंग नागपुर जिला अध्यक्ष दिलीप घोरमारे मंच उपस्थित हुए,कवियों का स्वागत माल्यार्पण कर

किया गया।

इस अवसर पर कवियों ने अपना अपना काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया7 कवियों को अतिथियों के हस्ते शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष गया।

प्रसाद सोनी ने कहा कि मीडिया संगठन एक ऐसा संगठन है,जो पत्रकारिता के साथ -साथ सामाजिक कार्य में हमेशा तत्पर रहता है। मंच संचालन पत्रकार मुकेश बागडे ने किया कार्यक्रम में पांढुर्णा जिला अध्यक्ष गौरव बावनकर छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष मनेश साहु महिला पत्रकार टीम जिला अध्यक्ष सविता हिंगवे महिला पत्रकार टीम छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष अंकिता शर्मा आपने पुरी के साथ इस आयोजन में शामिल हुए।

इस अवसर पर मीडिया संगठन मध्य प्रदेश के बिछुआ, सिंगोड़ी, छिंदवाड़ा, चौरई ,जुन्नारदेव, पांढुर्णा सौसर सहित पूरे क्षेत्र से पत्रकार उपस्थित हुए, जिसमें जितेंद्र ठाकुर, सुरेन्द्र सोनी, हेमराज मांडेकर, असलम खान, श्रावण कामडे, मुकेश कुरेठे, चेतन साहू, रमेश पाठे, संतोष खरवडे, योगेश इंगोले,नंदिनी नागले,अशोक सोनी, सतीश कापसे, राजेश माथनकर, नितिन भुते, प्रतिक गजभिए, निमेस धनतोले, दिनेश धारपुरे, हंसराज बारस्कर,बाबा भायदे, सुनिल पोतरे एकनाथ गुर्वे,राकेश चंद्रवंशी, संतोष कुशवाहा, गजराज सोनी, तेजराम घाटोडे आदि सभी पत्रकार की उपस्थिति रही।

दैनिक राशिफल

गुरुवार 20 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की पष्ठी, नक्षत्र- अनुराधा ।

मेष
आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

वृषभ
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है।

`क- 579-347

कर्क
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

सिंह
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

कन्या
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

तुला
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

वृश्चिक
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

धनु
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

मकर
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

कुंभ
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

मीन
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म. 266-147

0,5,7,9,00,50,75,99,33,57,72,09